उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

सं0–740–ई/आरआरसी/स्काउट एवं गाईड कोटा/2024–25 दिनांक 08.08.2024

<u>महत्वपूर्ण सूचना</u>

सर्व सम्बन्धित,

विषय :– स्काउट एवं गाईड कोटा के लेवल–2 एवं लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर।

रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2024–25 के लिए स्काउट एवं गाईड कोटा के लेवल–2 एवं लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु रोजगार सूचना सं. 03/2024 (स्काउट एवं गाईड कोटा/आरआरसी/एनडब्ल्यूआर) दिनांक 28.06.2024 के तहत ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 08.08. 2024 है।

अन्तिम तिथि तक ऑनलाईन आवेदन पूर्ण रूप से सबमिट करने वाले अभ्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हो तो, त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यार्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में नाम, मोबाईल नम्बर एवं ई मेल आईडी को छोडकर संशोधन कर सकता है।

ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन करने हेतु लिंक रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर दिनांक 15.08.2024 से 16.08.2024 (23.59) तक उपलब्ध कराया जाएगा।

उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यार्थी को ऑनलाईन आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन का अवसर नहीं दिया जाएगा एवं ऑनलाईन आवेदन में भरी गई जानकारी को अन्तिम माना जाएगा। इसके उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन में रही त्रुटि के लिए अभ्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष